# श्याम दिलदार मेरा | By Pt Sonu Sharma

चेहरे पर लगा ले मोर पंख
मैं कर लूंगा दीदार तेरा
बड़ा सोना लागे श्याम यार दिलदार मेरा

मधुर मधुर तेरी बाजे मुरलिया दिल मेरा धड़काए
कजरारे तेरे नैन नशीले दिल का चैन चुराए
तेरे सिवा ना कोई दूजा कर ले तू एतबार मेरा
बड़ा सोना लागे श्याम यार दिलदार मेरा

श्याम सलोनी तेरी सूरत तेरी अदा निराली
अपने रंग में रंग दे मोहन यह चुनर मतवाली
सुंदर सोनी फूल मंगाकर क्या करूं सिंगर तेरा
बड़ा सोना लागे श्याम यार दिलदार मेरा

तेरी दया की भीख मिले तो द्वार तुम्हारे आऊं
चरणों में तेरे शीश झुका कर जीवन सफल बनाऊं
भजन तेरा सोनू है गाता पंडित करता ध्यान तेरा
बड़ा सोना लागे श्याम यार दिलदार मेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-pt-sonu-sharma/